# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

(शिक्षा मन्त्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)

Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain

(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)


पत्र सं. 18-5/2025 (शै.)/मसारावेविप्र/ दिनांक : 30.12.2025

**अधिसूचना- 1866**

**विषय :- वर्ष 2026-27 में विविध कार्यक्रमों के आयोजन हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य वेदों की श्रुति परम्परा का संरक्षण, संवर्धन, प्रचार एवं प्रसार करना है। प्रतिष्ठान अपनी संस्थापना नियमावली में प्रतिष्ठापित उद्देश्यों की उपलब्धि के लिए विभिन्न कायंक्रमों और कार्यकलापों का संपादन करता है। प्रतिष्ठान द्वारा निम्नलिखित योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं :-

1. अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन
2. क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन

अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन/क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन की संपूर्ण अवधि तथा वेद शोभा यात्रा में आयोजक संस्था के संस्था प्रमुख की व्यक्तिगतरूप से उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। वेद शोभा यात्रा में अपनी संस्था के अध्यापकगण, आस-पास की इकाइयों एवं वेद पाठशालाओं के अध्यापकों, वैदिक छात्रों तथा समाज के लोगों को भी सम्मिलित करना अनिवार्य है। संस्था द्वारा वेद शोभा यात्रा का आयोजन सम्मेलन के प्रथम दिवस अथवा द्वितीय दिवस में ही अनिवार्य रूप से किया जाए।

इस हेतु सहमत संस्था ही अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन/क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन के आयोजन हेतु आवेदन करें। अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

3. अखिल भारतीय वैदिक संगोष्ठी
4. वेद ज्ञान सप्ताह समारोह
5. सभी के लिए वैदिक कक्षाएँ
6. वेद संदेश यात्रा-अनुदानित वेद पाठशाला/अनुदानित इकाई द्वारा वेद संदेश यात्रा
7. वेद पारायण - संस्था द्वारा वेद पारायण

- ➢ नीति आयोग से NGO-Darpan में Unique ID प्राप्त संस्थाएँ ही आवेदन करें। तथापि, केन्द्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों को इससे छूट प्रदान की गई है।
- ➢ वैदिक संगोष्ठी आयोजन के लिए केन्द्र/राज्य विश्वविद्यालय/विभागाध्यक्ष/कुलपति अथवा कुलसचिव के माध्यम से आवेदन-पत्र प्रस्तुत करें।
- ➢ अन्य कार्यक्रम आयोजित करने के लिए संस्था के अध्यक्ष, सचिव या अन्य पदाधिकारी के माध्यम से आवेदन-पत्र प्रस्तुत करें।

उपर्युक्त योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु आवेदन-पत्र प्रतिष्ठान की वेबसाइट www.msrvvp.ac.in के माध्यम से डाउनलोड कर पूर्ण विवरण भरकर दिनांक 27.02.2026 तक ईमेल- msrvvpproject@gmail.com पर तथा हार्ड कॉपी स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रतिष्ठान में प्रेषित करें। आयोजक संस्था द्वारा कार्यक्रम में व्यय किए जाने वाले बजट की जानकारी प्रदान किया जाना अनिवार्य है। जिन संस्थाओं द्वारा गत तीन वर्षों में एक बार जो कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं उन संस्थाओं को पुनः उसी कार्यक्रम आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान नहीं की जाएगी। इसी प्रकार, पूर्व में स्वीकृति प्राप्त करने के बाद भी कार्यक्रम आयोजित न करने वाली संस्थाओं को पुनः अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।

**नोट :- किसी भी परिस्थिति में उपर्युक्त किसी भी कार्यक्रम से संबंधित आवेदन वर्ष के मध्य स्वीकार नहीं किए जाएंगे। संबंधित संस्थाएँ निर्धारित समय - सीमा के भीतर अपने आवेदन प्रस्तुत करें।**

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि :-

1. सहायक निदेशक (प्रकाशन एवं शोध), मसारावेविप्र, उज्जैन
2. प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ
3. संबंधित पत्रावली
4. कार्यालय आदेश पत्रावली


वेद विद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो.ऑ. जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)

Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, Ujjain - 456006 (M.P.)

दूरभाष/Tele : (0734) 2502254, 2502255 ई-मेल /E-mail : msrvvpujn@gmail.com वेबसाइट /Website : www.msrvvp.ac.in